कार्यालय :– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।

झारखण्ड सरकार

E-mail: dfo-bokaro@gov.in, bokarodfo@gmail.com Phone/Fax No: +91-6542-265142

पत्रांक :– दिनांक :–

सेवा में,

श्री पंकज मल्हान,
उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (Dy. C.E.O.),
मे0 इलेक्ट्रोस्टील स्टील्स लिमिटेड,
10, लोहांचल, सेक्टर–12 के नजदीक,
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, झारखण्ड–827001

विषय :– **इलेक्ट्रोस्टील स्टील्स लिमिटेड हेतु 184.23हे0 वनभूमि अपयोजन का प्रस्ताव के संबंध में।**

प्रसंग :– वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, बोकारो का पत्रांक 790 दिनांक 01.04.2019.

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि आपके द्वारा समर्पित प्रस्ताव पर वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, बोकारो (छायाप्रति संलग्न) द्वारा निम्नलिखित पृच्छायें की गई है :

1. विभिन्न प्रमण्डलों द्वारा क्षतिपूरक वनरोपण हेतु समर्पित प्राक्कलनों एवं ऑनलाईन प्रस्ताव में अंकित सूचना में दर्शाये गये भूमि के क्षेत्रफल में अंतर है।
2. उपायुक्त, बोकारो के पत्रांक 77 दिनांक 30.01.2019 के द्वारा वनाधिकार अधिनियम, 2006 के तहत् निर्गत अनापत्ति प्रमाण–पत्र में अंकित भूमि एवं प्रस्तावित वन भूमि तथा जंगल–झाड़ी भूमि में काफी अंतर है।
3. प्रस्ताव में समर्पित वृक्षों की गणना सूची त्रुटिपूर्ण है। उसमें वृक्षवार विस्तृत गणना सूची संलग्न नहीं है।
4. प्रस्ताव के साथ मौजावार/प्लॉटवार/एरियावार प्रस्तावित स्थल से संबंधित Land Schedule समर्पित नहीं किया गया है।
5. प्रस्तावित स्थल का **KML File** समर्पित नहीं है।
6. प्रस्ताव में पूर्व में उपयोग किये गये/अतिक्रमित 89.43 हे0 सुरक्षित वन भूमि के अतिरिक्त 9.84 हे0 के अपयोजन हेतु प्रस्ताव भेजने का औचित्य क्या है।

अनुरोध है कि उक्त वर्णित बिन्दुओं पर अनुपालन प्रतिवेदन इस कार्यालय में यथाशीघ्र समर्पित किया जाय ताकि प्रस्ताव पर अग्रतर कार्रवाई की जा सके।

*अनु0:–यथोक्त।*

विश्वासभाजन,

ह0/–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।

ज्ञापांक – 1112 दिनांक 01/04/2019.

प्रतिलिपि :– वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, बोकारो को उनके प्रासंगिक पत्र के आलोक में सूचनार्थ प्रेषित।

01/04/19

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।

O/C